आज़ादी का
अमृत महोत्सव
वर्ष में

# सेवा, सुरक्षा और सुशासन के लिए समर्पित

# 100 दिन



सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास–सबका प्रयास



"बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता और गवर्नेंस में भी सुधार आया है, इसलिए आज जनता का विश्वास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर है। यूपी की जनता ने 37 साल बाद किसी सरकार को फिर से सत्ता में वापस लाकर अपने सेवक को जिम्मेदारी सौंपी है"

–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री





"सहने पड़ें कष्ट,
असंख्य भले ही
जन-जन की सेवा,
अविराम करूँगा।
है लोक कल्याण की,
भीष्म प्रतिज्ञा
पूर्ण करने को सदैव,
गतिमान रहूँगा।"

# जो कहा सो किया...

उत्तर प्रदेश के इतिहास में **दो तिथियाँ अमिट** हो गयी हैं- **पहली तिथि है 19 मार्च, 2017** जब सामाजिक शान्ति, सुरक्षा और विकास के जनादेश के अनुसार योगी आदित्यनाथ सरकार ने शपथ ली थी। शपथ के साथ ही पूरे प्रदेश के माहौल में सकारात्मक परिवर्तन दिखने लगा था।

**दूसरी तिथि है 25 मार्च, 2022**, जब योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश की जनता से मिले ऐतिहासिक एवं अखण्ड जनादेश पर दूसरी बार फिर से शपथ ली। जनता ने 37 वर्ष बाद साफ नीयत-दमदार काम वाली सरकार को दोबारा काम करने का अवसर दिया। 24 घंटे के अन्दर योगी सरकार ने **15 करोड़ गरीबों** के लिए **निःशुल्क राशन** की व्यवस्था को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। स्मरणीय है कि योगी आदित्यनाथ की पहली

सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही **86 लाख सीमान्त किसानों** को ऋणमुक्त करने का निर्णय लिया गया था।

योगी सरकार 2.0 के 100 दिन में **'अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स'** की नीति के अन्तर्गत माफिया-उपद्रवियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई की गयी। जिस किसी ने भी कानून-व्यवस्था से खेलने का प्रयास किया, सजग प्रशासन ने उसके विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई की। धार्मिक स्थलों पर स्थापित **ध्वनि प्रदूषक 74,385 लाउड स्पीकरों** को बिना हो-हल्ला और बिना किसी प्रतिरोध के हटवाया गया। सामाजिक जन-जीवन में तनाव के कारकों को नियंत्रित कर सुरक्षा और शान्ति के भाव को पुनर्स्थापित किया गया। इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है।

हाल ही में रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनावों एवं विधान परिषद चुनावों के परिणाम प्रदेश सरकार की नीतियों एवं कार्यों के प्रति जनता के अपूर्व समर्थन एवं विश्वास के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

सामाजिक शान्ति और गतिशीलता के माहौल में प्रदेश सरकार ने औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण कार्यों तथा पूँजी निवेश के मार्ग को और अधिक प्रशस्त किया है। पिछले 100 दिनों में **ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-3** के अन्तर्गत **रु. 80,224 करोड़ से अधिक** की परियोजनाओं का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से किया गया है। **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे** के कार्य को पूर्ण कर लिया गया है, देश की सबसे बड़ी एक्सप्रेस-वे परियोजना **'गंगा एक्सप्रेस वे'** का कार्य शुरू हो गया है, **ग्रीन फील्ड अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा जेवर (नोएडा)** एवं **मर्यादा पुरुषोत्तम**

**श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या** का कार्य प्रगति पर है। गोरखपुर से वाराणसी के लिए हवाई सेवा शुरू हो गयी है। अब **वाराणसी 15 शहरों** से एवं **गोरखपुर 9 शहरों** से हवाई सेवा से जुड़ चुके हैं।


पूंजी-निवेश, औद्योगिक विकास, मैन्युफैक्चरिंग, निर्यात-वृद्धि आदि क्षेत्रों में एक नया उत्साह-एक नई उछाल मौजूदा सरकार में परिलक्षित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश इस समय देश के **अचीवर्स स्टेट** की लिस्ट में शामिल हो गया है।

गन्ना किसानों को 19 मार्च, 2017 से **अब तक रु. 1,76,639 करोड़** का रिकार्ड भुगतान किया गया है। सरकार के वर्तमान सौ दिनों के कार्यकाल में ही **रु. 12,530 करोड़** गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है। इससे एक तरफ गन्ना उत्पादक किसानों को भारी लाभ हुआ है, वहीं दूसरी ओर चीनी उद्योग सहित तमाम सहयोगी उपक्रमों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं को भी समुचित लाभ मिला है।

योगी सरकार 2.0 ने **रु. 6.15 लाख करोड़** से अधिक के विशाल एवं सर्व समावेशी बजट में कानून-व्यवस्था, खेती-किसानी, महिला एवं बाल कल्याण, युवा, चिकित्सा व स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और अवस्थापना सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। 100 दिनों के अल्प समय में ही लोक कल्याण संकल्प पत्र के 103 बिन्दुओं में से 97 बिन्दुओं पर क्रियान्वयन कर एक बड़ा मील का पत्थर स्थापित किया गया है।

प्रदेश के विकास की गति को तेज करने के लिए बजट में **रु. 4000 करोड़** की नई योजनाएं जोड़ी गई हैं। बड़ी सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सर्व ऋतु सम्पर्क मार्गों की योजना

लाई गयी है। इसके लिए **लगभग रु 2000 करोड़** की व्यवस्था की गई है। सभी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने के लिए भी नीति बनायी गई है। साथ ही जनजीवन को सरल बनाने के लिए बाईपास, रिंग रोड तथा चौराहों पर फ्लाईओवर हेतु **रु 600 करोड़** की व्यवस्था की गई है।




जल जीवन मिशन के अन्तर्गत **रु 19500 करोड़**, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना हेतु **1000 करोड़ रु**, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सुधार हेतु **रु 5530 करोड़**, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) हेतु **7000 करोड़ रु**, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) हेतु **रु 508 करोड़** की व्यवस्था की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार वृद्धि के लिए चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण

आजीविका मिशन के मद में **रु 3155 करोड़** की व्यवस्था की गई है।

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के सभी लाभार्थियों को **होली व दीपावली** पर **02 सिलेण्डर निःशुल्क** देने के लिए **रु 3302 करोड़** का बजट रखा गया है। किसानों को आलू, टमाटर और प्याज जैसी सभी फसलों का न्यूनतम मूल्य देने के लिए '**भामाशाह भाव स्थिरता कोष**' बनाया गया है।

डाटा सेण्टर नीति के अन्तर्गत निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। प्रदेश में विभिन्न निवेशक **रु 16,147 करोड़** के निवेश से **3 डाटा सेण्टर पार्क** और **1 डाटा सेण्टर** इकाई स्थापित करेंगे। इससे लगभग **4000 लोगों** को रोजगार मिलेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार की लैण्डमार्क योजना **एक जनपद-एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी.)** की सफलता इसी से समझी जा सकती है कि उसको पूरे देश में अपनाया गया। प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की धूम दुनिया के कोने-कोने में है। इसका नवीनतम उदाहरण कुछ रोज पहले जर्मनी में आयोजित **जी-7 सम्मेलन** में देखने को मिला, जब **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आठ राष्ट्राध्यक्षों** को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विशिष्ट उत्पाद भेंट किये। सभी ने इन उत्पादों की भरपूर सराहना भी की। इस तरह ओ. डी.ओ.पी. से जुड़े उत्पाद विश्व भर में चमक रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश का निर्यात **रु 88 हजार करोड़** से बढ़कर **रु 1 लाख 55 हजार करोड़** हो गया है।

ओडीओपी योजना के तहत 5 जिलों- आगरा, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, सीतापुर, और सिद्धार्थनगर में कॉमन फैसेलिटी सेण्टर (सी.एफ.सी.) की स्थापना की गयी है। वृहद ऋण मेलों के माध्यम से

**1 लाख 90 हजार** हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों को **रु. 16000 करोड़** ऋण के रूप में वितरित किये गये।

पिछले कार्यकाल में साढ़े चार लाख युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत नौकरी देने के साथ लगभग **3 लाख युवाओं** को सरकारी विभागों में संविदा पर सेवा प्रदान की गयी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के जरिये लगभग **2 करोड़ लोगों** को रोजगार उपलब्ध कराये गये। कोरोना कालखण्ड में घर वापस आये **40 लाख कामगारों** को काम दिया गया। माइग्रेंट कामगारों के लिए मुख्यमंत्री प्रवासी श्रमिक उद्यमिता विकास योजना के अर्न्तगत **रु. 109 करोड़** की योजना लॉन्च की गई है। मनरेगा एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लगभग ढाई करोड़ लोगों को काम उपलब्ध कराये गये। एक जनपद–एक उत्पाद योजना के माध्यम से **25 लाख लोगों** को रोजगार दिया गया। युवाओं को रोजगार देने की प्रथम कार्यकाल की सफलता योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल की दृढ़ आधारशिला बनी है।

**एक जिला–एक मेडिकल कॉलेज** की योगी सरकार की नीति के तहत हर जिले में आधुनिक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं से युक्त सरकारी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का कार्य गतिमान है। प्रदेश में **एईएस–जेई वायरस** के खिलाफ संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के परिणामस्वरूप पूर्वांचल क्षेत्र **दिमागी बुखार (इंसेफलाइटिस)** के कहर से मुक्त हुआ है। अब इस बीमारी से होने वाली मौतों पर **95 प्रतिशत** नियंत्रण पा लिया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के आने तक इस बीमारी को पूर्वांचल में लाइलाज बीमारी माना जाने लगा था।

कोरोना नियंत्रण में मिली अभूतपूर्व सफलता के पीछे योगी सरकार द्वारा एग्रेसिव ट्रेसिंग-टेस्टिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण की रणनीति के कारण प्रदेश में **16 करोड़ से अधिक** लोगों को कोरोना टीके के दोनों डोज का कवच मिल चुका है। सम्पूर्ण टीकाकरण **34 करोड़** के पार पहुंच गया है। इस तरह कोरोना टीके के मामले में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर है।



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक **21 जून, 2022** को प्रदेशवासियों ने स्वतः स्फूर्त भाव से योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

महिला कल्याण की दिशा में भी वर्तमान सरकार ने ठोस कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के लिए पिछले वर्ष के मुकाबले दोगुनी से अधिक धनराशि की व्यवस्था की गयी है।

भावी पीढ़ी के समुचित विकास पर योगी सरकार की पूरी नजर रही है तभी **1.88 करोड़** बच्चों को शिक्षा-संस्कार से जोड़ने के लिए उन्हें स्कूल भेजने का कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बच्चों की यह संख्या कई देशों की संपूर्ण आबादी से भी ज्यादा है।

इस तरह से पूरी अर्थव्यवस्था व पूरी समाज-व्यवस्था को एक सकारात्मक एवं विकासपरक ऊर्जा से भरने के लिए योगी सरकार ने विजनरी बजट के साथ 100 दिन के कार्य पूरे किये और उत्तर प्रदेश के पिछले 65-70 वर्षों के पिछड़ेपन को दूर कर अब उसे समृद्धि, रोजगार और विकास के केन्द्र के रूप में स्थापित करने का नया इतिहास बनाना शुरू किया है।

100 दिनों के कार्यकाल में योगी सरकार ने प्रदेश के राजस्व में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित की। इसके परिणामस्वरूप राज्य में प्रति व्यक्ति की आय में वृद्धि हुई है और **'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी'** का लक्ष्य 5 वर्षों के कार्यकाल में पूरा करने के आसार प्रबल से प्रबलतम हो गये हैं। बेरोजगारी की दर वर्ष 2017 में जहां 17.5 प्रतिशत थी, अब वह घट कर **2.9 प्रतिशत** पर आ गई है।

योगी सरकार अपनी नई सोच और अनथक परिश्रम के जिस मार्ग पर अग्रसर है, वह उत्तर प्रदेश की छवि को समृद्ध और गौरवशाली बनाने में कारगर साबित हो रहा है। यहां के युवकों को नौकरी मांगने वालों के बजाय उनमें उद्यमिता का भाव भरकर उन्हें नौकरी देने लायक बनाने में भी सफलता मिली है। पिछले 1825 दिनों के कठिन परिश्रम और 100 दिनों के इस कार्यकाल की नई सोच, जन-प्रतिबद्धता और दृढ़ इरादों से अगले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश देश के सर्वाधिक विकसित और रोजगार पैदा करने वाले राज्य के रूप में नई पहचान दर्ज करेगा।



मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून–व्यवस्था की समीक्षा करते हुए।

# शांति एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

- अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध **जीरो टालरेंस** की नीति।
- प्रदेश स्तर पर प्रमुख **50** एवं मुख्यालय स्तर पर **12** अन्य माफियाओं को चिह्नित कर **62 माफियाओं** के विरुद्ध कार्रवाई। इनके गैंग के सदस्यों/सहयोगियों में अब तक **896** के विरुद्ध कार्रवाई कर **405** अभियोग पंजीकृत, अपराधी गैंगों के **431** सदस्यों/सहयोगियों की गिरफ्तारी, **178** के विरुद्ध गुण्डा एक्ट, **884** के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट और **13** के विरुद्ध एन.एस.ए. की कार्रवाई की गई।
- माफिया एवं अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित लगभग **रु. 844 करोड़** की संपत्तियाँ ज़ब्त।

- ❖ **68,784 अतिक्रमण स्थलों** तथा **76,196 अवैध पार्किंग स्थलों** को मुक्त कराया गया।
- ❖ धार्मिक स्थलों से **74,385 लाउड स्पीकर** हटाये गये।
- ❖ थाना स्तर पर 16158 **टॉप टेन** अपराधियों का चिह्नीकरण, जिनके विरूद्ध 83,721 अभियोग पंजीकृत कर **रु. 648 करोड़** से अधिक की सम्पत्ति जब्त की गई।
- ❖ 112 यू.पी का रिस्पांस टाइम घटाकर **10 मिनट से** कम कर **9.47 मिनट** किया गया।
- ❖ **10,000 से अधिक** पुलिस कर्मियों की भर्ती।
- ❖ **5381 नये पदों** को मंजूरी। इनमें राजपत्रित के 86 व अराजपत्रित श्रेणी के 5295 पद हैं।
- ❖ पॉस्को अधिनियम तथा महिला अपराध के तहत **2273 अपराधियों को सज़ा। ई–अभियोजन मोबाइल ऐप** विकसित।
- ❖ प्रत्येक थाने में **साइबर हेल्प डेस्क** की स्थापना।
- ❖ लखनऊ में डिजिटल फॉरेन्सिक लैब एवं प्रत्येक परिक्षेत्र स्तर पर साइबर फॉरेन्सिक लैब की स्थापना का निर्णय।
- ❖ 25 नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्रों का लोकार्पण।
- ❖ सभी तहसील मुख्यालयों पर **स्टाफ सहित फायर टेंडर** स्थापित।

- अयोध्या में एस.टी.एफ. की इकाई गठित।
- देवबन्द, बहराइच, अलीगढ़, कानपुर सहित कई अन्य जनपदों में ए.टी.एस, की नई फील्ड यूनिट गठित।
- लखनऊ कमिश्नरेट में 02 थाने व कानपुर में 04, कुशीनगर में 01, जौनपुर में 01, हापुड़ में 01, रामपुर में 01 गाज़ियाबाद में 01 इस प्रकार कुल 11 नये थानों की स्थापना।
- होमगार्ड्स के 807 स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण।
- नागरिक सुरक्षा सेवाओं में 951 स्वयंसेवकों की भर्ती।
- 5,833 स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण।
- 1,554 छात्र/छात्राओं को नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण।
- 703 नागरिकों को आपदा प्रबन्धन पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण।






# खुशहाल किसान

- ❖ बंजर, बीहड़ भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिए **पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना** हेतु **रु. 602 करोड़** स्वीकृत।
- ❖ **पी.एम. किसान सम्मान निधि** योजनान्तर्गत **2.59 करोड़** किसानों को **रु. 47 हजार 397 करोड़** हस्तान्तरित।
- ❖ 19 नवीन मण्डियों का आधुनिकीकरण।
- ❖ ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अन्तर्गत मण्डियों में किसानों की प्री–अराइवल ई–पास की व्यवस्था। मंडी व्यापारियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल पेमेन्ट की सुविधा।
- ❖ सहजनवां–गोरखपुर में इण्टीग्रेटेड पैक हाउस स्वीकृत।
- ❖ कृषि विज्ञान केन्द्र बदायूं, अमरोहा, बहराइच एवं कासगंज के प्रशासनिक भवन का निर्माण।


- कृषकों की सहायता हेतु जनपदों में **54 कृषि कल्याण केन्द्र** स्थापित ।
- मिशन प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड के समस्त जनपदों में गौ–आधारित प्राकृतिक खेती का क्रियान्वयन।
- भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के 75 जनपदों के **202 अधिकारी** एवं **कृषक** मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित।
- **पी.एम. कुसुम योजना** हेतु कृषकों का ऑनलाइन चयन।
- देवरिया में ट्रेनिंग सेन्टर एवं कृषि संसाधन केन्द्र निर्मित।
- राजकीय कृषि प्रक्षेत्र **रहीमाबाद तथा कटियार, लखनऊ** एवं कासिमाबाद (हरदोई) का सुदृढ़ीकरण।
- जालौन में **40,000 कुन्तल** वार्षिक क्षमता के **बीज विधायन संयंत्र** की स्थापना।
- रहमान खेड़ा, लखनऊ में **सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस** का निर्माण।
- चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर में **रु 6.60 करोड़** की लागत से 50 कमरों का छात्रावास निर्मित।
- **रु 105 करोड़** की लागत से उपमण्डी स्थल मलिहाबाद (लखनऊ), नवीन मण्डी स्थल मिश्रिख (सीतापुर) एवं भिनगा (श्रावस्ती) का निर्माण।

❖ राजकीय कृषि विद्यालय बुलन्दशहर प्रसार क्षेत्र एवं प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास कार्य पूर्ण।

## गन्ना विकास

❖ गन्ना किसानों को 19 मार्च, 2017 से **अब तक रु 1,76,639 करोड़** का रिकार्ड भुगतान।

❖ पिछले 100 दिनों में **रू. 12,530 करोड़** के गन्ना मूल्य का भुगतान ।





❖ पेराई सत्र 2022-23 हेतु **गन्ना सर्वेक्षण नीति** जारी।

❖ सभी गन्ना किसानों को **यूनिक ग्रोवर कोड** आवंटित। इससे बिचौलियों एवं गन्ना माफियाओं का सफाया होगा।

- ❖ उत्पादन लागत में कमी लाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए **1.10 लाख हेक्टेयर** में तरल **नैनो यूरिया** का छिड़काव।
- ❖ **50.10 लाख** गन्ना किसानों को **शेयर प्रमाण पत्र** वितरण की तैयारी।
- ❖ उन्नत खेती हेतु **16,335 कृषक** प्रशिक्षित।

## सहकारिता

- ❖ 13 सहकारी बैंकों की नई शाखाएं खोली गईं।
- ❖ **8 लाख कृषकों** को रु. **4635 करोड़** का फसली ऋण वितरित।
- ❖ 02 विशाल भण्डार गृहों (50 हजार मी.टन) क्षमता की स्थापना।
- ❖ 17 वृहद खाद्यान्न गोदामों का निर्माण, 2.20 लाख मी.टन भण्डारण क्षमता में वृद्धि।





मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू नहर परियोजना का निरीक्षण करते हुए

## सिंचन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि

❖ बाढ़ से बचाव हेतु विभिन्न जनपदों में **रु 591 करोड़ की 62 परियोजनाएं पूर्ण।**

❖ जनपद झांसी के बबीना ब्लाक के 15 ग्रामों में **रु 247 करोड़** की सिंचाई परियोजना पूर्ण। **4,400 हेक्टेयर सिंचन क्षमता** से लगभग **5,240 कृषक** लाभान्वित।

❖ रु 150 करोड़ की लागत से जनपद कानपुर देहात की उमरहट

पम्प नहर परियोजना का कार्य पूर्ण। **19,630 हेक्टेयर सिंचन** क्षमता का सृजन। लगभग 2 लाख कृषक लाभान्वित।

- गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या व देवीपाटन मण्डलों के 135 नलकूपों तथा कानपुर, झांसी और बांदा मण्डलों के 104 राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण। गाजीपुर में अमौरा पम्प नहर का आधुनिकीकरण। 3044 हेक्टेयर सिंचन क्षमता से 2695 कृषक लाभान्वित।
- रायबरेली की खण्डीय कार्यशाला का आधुनिकीकरण।
- अर्जुन सहायक परियोजना में महोबा व हमीरपुर जनपद में 28 कुलाबों पर गूल, माइक्रो इरीग्रेशन निर्माण कर 3 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल सिंचाई क्षमता में वृद्धि।
- मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत **46,172 उथले नलकूपों** का निर्माण।
- नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट के तहत डिजिटल वाटर लेवल रिकार्डर की स्थापना।
- **अटल भू-जल योजना** के तहत ग्राम पंचायतवार पीजोमीटर का निर्माण एवं वाटर सिक्योरिटी प्लान का विकास।

# जल जीवन मिशन : ग्रामीण जलापूर्ति

- नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत **25 परियोजनाएं** पूर्ण। 20 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर।
- **574 ग्रामों में पाईप पेयजल** परियोजनाएं पूर्ण। **3.76 लाख** घरों में कनेक्शन दिये।
- बुंदेलखण्ड/विंध्य क्षेत्र के अतिरिक्त **14453 ग्रामों** में पाइप वाटर स्कीम का कार्य प्रारम्भ।
- मथुरा, कानपुर, जौनपुर एवं बागपत में एस.टी.पी. निर्माण पूर्ण कर **104 एम.एल.डी.** का शोधन।
- बागपत सीवरेज परियोजना के अन्तर्गत 04 नाले टैप कर 14 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. का निर्माण पूर्ण।
- मिर्जापुर, गाजीपुर, बरेली तथा फर्रूखाबाद में 146 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. निर्माण का कार्य प्रारम्भ।।
- अटल भूजल योजना के अन्तर्गत 85 ग्राम पंचायतों में वाटर सिक्योरिटी प्लान गठित।
- जायका परियोजना वाराणसी का कार्य पूर्ण ।

# बढ़े उद्योग-बढ़ा निवेश




❖ **तृतीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी** में मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा **रु. 80 हजार 224 करोड़** की 1406 परियोजनाओं का शिलान्यास। 06 लाख व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा।

❖ **296 कि.मी. लम्बे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे** का कार्य पूर्ण। लोकार्पण के लिए तैयार।

❖ **बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे** के कार्यान्वयन की प्रक्रिया प्रारम्भ।

❖ औद्योगिक क्षेत्रों एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण हेतु **रु. 100 करोड़** के प्रावधान से **अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन** का शुभारम्भ।

❖ बीआरएपी (बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान) कार्य योजना में ईज आफ लिविंग भी शामिल।

- **यमुना एक्सप्रेस-वे** औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना।
- YEIDA क्षेत्र में टॉय पार्क व परिधान पार्क की स्थापना हेतु कार्य प्रगति पर। सेक्टर 29 में स्थित परिधान पार्क का शुभारम्भ।
- औद्योगिक प्रोत्साहन हेतु सूरजपुर स्थित फ्लैटेड फैक्ट्री परिसर में 12 वर्क हॉल निर्मित।



मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी–3.0 का औपचारिक शुभारम्भ करते हुए।

- गोरखपुर में **प्लास्टिक पार्क** तथा **फ्लैटेड फैक्ट्री** की स्थापना की स्वीकृति। इसमें लगभग 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा।
- **यूपीसीडा** औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर में फ्लैटेड फैक्ट्री का उच्चीकरण। इसमें स्टार्ट-अप प्लग एण्ड प्ले मॉडल पर स्थापित किये जाने हेतु 7014 वर्गमीटर स्थान उपलब्ध।
- स्टार्ट-अप नीति के अन्तर्गत नोएडा में आई.आई.टी. कानपुर तथा फिक्की के सहयोग से **आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स** तथा मशीन लर्निंग क्षेत्र में **सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेंस** क्रियाशील।
- **पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय महायोजना पोर्टल** प्रारम्भ।
- भूखण्डों की उप विभाजन नीति को और अधिक सरल तथा उद्योग फ्रेंडली बनाने हेतु नई नीति का प्रख्यापन। इससे नये उद्योगों के लिए भूखण्ड उपलब्ध होंगे तथा निवेश को गति मिलेगी।
- उद्योगों तथा व्यवसायियों एवं नागरिकों की सुगमता के लिए 241 रेगुलेटरी कम्पलायंस बर्डन को कम किया गया।
- **'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'** के अन्तर्गत 189 मदों एवं **'ईज ऑफ लिविंग'** के 21 मदों की कार्यवाही पूर्ण। **'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस'** में प्रदेश को अचीवर्स स्टेट का स्थान।

❖ देश के सबसे लम्बे **गंगा एक्सप्रेस-वे** का कार्य प्रगति पर।



मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करते हुए साथ में हैं मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य गणमान्य महानुभाव।

❖ एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक कॉरिडोर्स के विकास मॉडल को अन्तिम रूप देने हेतु औद्योगिक विनिर्माण समूह चिह्नित।

## लोक निर्माण

❖ **10380 किमी. मार्ग** गड्ढामुक्त ।

❖ **2910 किमी. मार्ग** नवीनीकृत।

❖ **511 किमी. मार्गों** का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण।

❖ **503 नवीन ग्रामीण** सम्पर्क मार्गों का निर्माण।

❖ **84 सेतुओं** का निर्माण।

❖ **59 अन्तर्राज्यीय** स्वागत द्वारों का निर्माण शुरू।

## मिली नई उड़ान

- एयर बस ए-320 के टेक-ऑफ और लैंडिंग के मानकों के अनुसार हवाई अड्डों का विकास।
- अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, म्योरपुर (सोनभद्र) तथा श्रावस्ती में एयरपोर्ट के संचालन के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया से समझौता।
- कुशीनगर, वाराणसी, लखनऊ के बाद जेवर (नोएडा) एवं अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने से यूपी **05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला पहला प्रदेश।**
- 09 एयरपोर्ट क्रियाशील, 10 अन्य एयरपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर।
- प्रदेश से 75 गन्तव्यों तक वायु सेवा की सुविधा उपलब्ध।
- गोरखपुर से दिल्ली के लिए 14 फ्लाइट तक बढ़ाने में सफलता हासिल।



मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष 5 नये एयरपोर्ट्स के संचालन/प्रबंधन के लिए ए.एम.यू का आदान प्रदान

# सफर हुआ आसान

- ❖ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से घर बैठे लर्नर लाइसेंस की व्यवस्था।
- ❖ फिरोजाबाद एवं उरई (जालौन) में सारथी हॉल का निर्माण।
- ❖ स्पेशल परमिट का स्वचालित ऑनलाइन निर्गमन।
- ❖ ऑनलाइन परमिट पर डिजिटल हस्ताक्षर की व्यवस्था।
- ❖ एकमुश्त शास्ति समाधान योजना लागू।
- ❖ डी.टी.आई. बरेली, झांसी एवं अलीगढ़ का शुभारम्भ।
- ❖ ए.डी.टी.आई. बरेली का निर्माण पूर्ण।
- ❖ सभी बसों की बॉडी रिपेयर, डेंटिंग, पेंटिंग।
- ❖ 64 बस स्टेशनों का सौन्दर्यीकरण।
- ❖ 63 नई बसें बेड़े में शामिल।



# नवीनतम तकनीक से संवरी सूरत

- **उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति** के तहत चार निवेश प्रस्तावों को मंजूरी। **रु 16,147 करोड़** से अधिक निवेश से तीन डाटा सेन्टर पार्क व एक डाटा सेन्टर इकाई स्थापित होगी। इनसे **04 हजार लोगों** को मिलेगा रोजगार।
- उत्तर प्रदेश स्टार्ट–अप नीति के अन्तर्गत **रु 7625 करोड़** के **08 निवेश** प्रस्ताव अनुमोदित।
- उत्तर प्रदेश स्टार्ट–अप नीति के अन्तर्गत आगरा, सोनभद्र, आजमगढ़, मैनपुरी, बिजनौर तथा गौतमबुद्धनगर में 6 संस्थानों में इन्क्यूबेटर्स की स्थापना का अनुमोदन।
- राजस्व विभाग की **आय, निवास और जाति** सेवाएं केन्द्रीयकृत मोबाइल ऐप **उमंग** पर उपलब्ध।
- डिजिलॉकर योजना के अन्तर्गत प्रदेश के **3.6 करोड़ राशन कार्ड्स डिजीलॉकर** पर उपलब्ध।
- **2066** ग्राम पंचायतों में **ऑप्टिकल फाईबर केबिल** के माध्यम से **इन्टरनेट कनेक्टिविटी** उपलब्ध।

- **यूपी राईट ऑफ वे पोर्टल** पर अशासकीय भूमि/भवनों हेतु प्राप्त आवेदनों के त्वरित निस्तारण हेतु **45 दिनों** में तथा शासकीय भूमि/भवनों पर मोबाइल टॉवर की स्थापना के लिए **60 दिनों** में **डीम्ड अप्रूवल** की व्यवस्था।
- **स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना** के तहत **11.34 लाख** चिह्नित छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरित।
- मत्स्य, ग्राम्य विकास, पर्यटन, राष्ट्रीय बचत, उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय (कानपुर), वित्तीय प्रबन्ध-प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय में ई-ऑफिस क्रियाशील।
- प्रदेश की **2,066 ग्राम** पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर केबिल के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध।

## ऋण प्रवाह

- ऋण प्रवाह अभियान के अन्तर्गत **रु. 37000 करोड़** का ऋण वितरित।
- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर.एस.ई.टी.आई.) के अन्तर्गत स्वरोजगार संगम कार्यक्रम में **22319 युवा** प्रशिक्षित।




# उद्यमियों को भरपूर प्रोत्साहन

- वृहद ऋण योजना के अन्तर्गत **1.90 लाख** हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को **रु 16 हजार करोड़** का ऋण वितरण।
- **रु 2.95 लाख करोड़** की वार्षिक ऋण योजना का शुभारंभ।
- उद्यम सारथी एप को व्यावहारिक बनाकर महाविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थाओं के छात्रों तक पहुंचाया जा रहा है।
- उद्योग निदेशालय में पी.टू.पी. (पीयर टू पीयर नेटवर्किंग) कनेक्टिविटी के माध्यम से ई–आफिस प्रारम्भ।
- **ओडीओपी सामान्य सुविधा केन्द्र योजना** के अन्तर्गत सीतापुर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, आगरा एवं अम्बेडकरनगर की परियोजनाएं पूर्ण।

**स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन एवं विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के लिए एक जनपद - एक उत्पाद योजना।**

एक जनपद एक उत्पाद
उत्तर प्रदेश

- फर्रुखाबाद एवं लखनऊ के तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थापना सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजनाएं पूर्ण।
- **फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स आगरा एवं कानपुर** की परियोजनाएं तैयार एवं फ्लैटेड फैक्ट्री, गोरखपुर स्वीकृत।
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत **25 हजार लोगों** एवं ओ.डी.ओ.पी. योजना में **12,500 लोगों** को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- **अमेजॉन डॉट कॉम** एवं **अमेजॉन ग्लोबल** के साथ एमओयू हस्ताक्षरित।



# स्वदेशी को बढ़ावा

- **रु. 3000 करोड़** के निवेश से **115 एक्सपोर्ट ओरिएन्टेड टेक्सटाइल इण्डस्ट्री** स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारम्भ।
- राज्यस्तरीय कमेटी द्वारा 19 क्लस्टर स्वीकृत।
- 11 इकाइयों के पक्ष में लेटर ऑफ कम्फर्ट निर्गत।

# अपनी खादी

- प्रयागराज में ऊनी धागा प्रशोधन केन्द्र की स्थापना।
- प्रयागराज में गोबर गैस संयंत्र की स्थापना।
- प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना में **782 इकाइयों** को ऋण वितरित कर **7,971 व्यक्तियों** को रोजगार।
- खादी उत्पादन केन्द्रों द्वारा **17,453 मी. खादी** वस्त्र का उत्पादन।

# रेशमी हुनर को निखार

- एक जनपद-एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत वाराणसी में सिल्क एक्सचेंज का सुदृढ़ीकरण।
- रेशम उत्पादन हेतु 250 कृषक प्रशिक्षित।
- 10 एफ.पी.ओ. (कृषक उत्पादक संगठन) गठित।





मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोविड संक्रमण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए

## स्वास्थ्य सुविधाएं : सबके लिए

- **16 करोड़ से अधिक** लोगों को कोरोना टीके के दोनों डोज। सम्पूर्ण टीकाकरण **34 करोड़** के पार।
- **विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान के तहत एईएस-जेई वायरस** के खिलाफ सघन अभियान। पूर्वांचल क्षेत्र **दिमागी बुखार (इंसफेलाइटिस)** के कहर से मुक्त। इस बीमारी से होने वाली मौतों पर **95 प्रतिशत** तक नियंत्रण।
- राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को कैशलेस चिकित्सा सुविधा।
- **108 एम्बुलेंस** सेवा में **812 नई एम्बुलेंस** उपलब्ध।
- अयोध्या स्थित देवगांव में **50 शैय्या** के अस्पताल का निर्माण।
- बांदा, गोरखपुर, हरदोई एवं लखनऊ में 04 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं देवरिया, सीतापुर, लखीमपुर आदि में 09 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्मित।



मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान में शिशु को दुलारते हुए

- ❖ चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भूखण्ड क्रय नीति निर्धारित।
- ❖ जिला कुशीनगर में एच0आईवी0 एकीकृत परामर्श एवं जांच केन्द्र की स्थापना।

## चिकित्सा शिक्षा

- ❖ **एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज** की नीति के तहत हर जिले में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का कार्य गतिमान। अब तक 59 मेडिकल कॉलेज संचालित। 22 मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति/ निर्माण प्रक्रियाधीन।
- ❖ नर्सिंग में **7000 सीटों** की वृद्धि।
- ❖ पैरामेडिकल की **2000 सीटों** की वृद्धि।
- ❖ जनपद महराजगंज व जनपद संभल में प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की स्थापना हेतु अनुबन्ध पत्र का निष्पादन।
- ❖ एम.बी.बी.एस. की **1350 सीटों** में वृद्धि।
- ❖ **725 पी.जी. सीट्स** की वृद्धि ।
- ❖ बुलन्दशहर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, कानपुर देहात, औरैया तथा सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण कार्य अन्तिम चरण में।

# हर हाथ को कौशल और काम

- ❖ मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत **10 हजार से अधिक** युवाओं का उद्योगों एवं अधिष्ठानों में पंजीकरण एवं प्रशिक्षण।
- ❖ राजकीय आई.टी.आई. के सफल प्रशिक्षणार्थियों के सेवायोजन हेतु ट्रेनिंग, काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल स्थापित।
- ❖ **15 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों** के भवन निर्मित।
- ❖ लॉजिस्टिक सेक्टर की मांग के क्रम में परिवहन विभाग के सहयोग से वाहन चालकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ।
- ❖ राजकीय आइ.टी.आई. में तकनीकी उन्नयन के दृष्टिगत स्टेट रैंकिंग फ्रेमवर्क (के.पी.आई.), इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम एवं डैशबोर्ड निर्मित।
- ❖ कारागार बन्दियों, महिला संवासिनियों तथा किशोर सुधार गृह के किशोरों के लिऐ विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ।
- ❖ **विशेष वृहद रोजगार मेलों** में **08 हजार से अधिक युवा** सेवायोजित।

## श्रम एवं सेवायोजन

- ❖ रोजगार मेले में **27 हजार 110 लोगों** को रोजगार पत्र वितरित।
- ❖ मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में परियोजना लागत रु 25 लाख से बढ़ाकर **रु 01 करोड़** किये जाने का प्रस्ताव।
- ❖ रोजगार सृजन हेतु **400 से अधिक** रोजगार मेलों का आयोजन कर **48,608 अभ्यर्थियों** का चयन।
- ❖ **963 कैरियर** कार्यक्रम में **82,673 प्रतिभागियों** की काउंसिलिंग।
- ❖ सेवामित्र पोर्टल पर **6878 कुशल** कामगार पंजीकृत।



मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला लाभार्थियों से संवाद के अवसर पर।

## मातृशक्ति का सम्मान

❖ **मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना** के **13,849**, निराश्रित महिला पेन्शन योजना के **6683**, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के **614** तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के **1268** आवेदनों पर स्वीकृति प्रक्रियाधीन।

❖ **मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना** के अन्तर्गत **1 लाख** नवीन बालिकाओं को धनराशि अंतरण।

❖ **वन स्टॉप सेन्टर** व **महिला शक्ति केन्द्र योजना** का कन्वर्जेन्स।

## बाल विकास एवं पुष्टाहार

❖ आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्री-स्कूल किट (खिलौने एवं लर्निंग ऐड) एवं ई.सी.सी.ई. (एक्टिविटी बुक, पहल, गतिविधि कैलेण्डर) सामग्री का वितरण।

❖ **150 नवीन** आंगनबाड़ी केन्द निर्मित। **199** आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्माण की स्वीकृति।

❖ पोषण सम्बन्धी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापरक बनाने के लिए अभियान प्रारम्भ।

❖ जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने **6,591 आंगनबाड़ी केन्द्र** गोद लिये।

# सर्वजन हित सर्वोपरि

- सभी जनपदों में **मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना** का संचालन।
- 19 मार्च, 2017 से अब तक निराश्रित महिला एवं वृद्धावस्था पेंशन के अन्तर्गत **98.28 लाख** लाभार्थियों को पेंशन।
- **वृद्धावस्था पेंशन** योजनान्तर्गत **2.25 लाख मृतक** पेंशनरों के स्थान पर नये लाभार्थियों की पेंशन स्वीकृत।
- **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह** योजनान्तर्गत **14085 जोड़ों** का विवाह सम्पन्न।
- **ट्रांसजेंडर वरिष्ठ नागरिकों** को आश्रय प्रदान करने के लिए अब **वृद्धाश्रम की सुविधा** उपलब्ध।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण

- 16 विशेष विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की स्थापना।
- डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र, विशिष्ट स्टेडियम का संचालन प्रारम्भ।
- राजकीय ममता विद्यालय लखनऊ, मानसिक मंदित आश्रयगृह

सह प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ तथा समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, आजमगढ़ का निर्माण।

## अल्पसंख्यक कल्याण

- ❖ प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में **रु 32.87 करोड़** की 12 पेयजल परियोजनाओं का कार्य पूर्ण।
- ❖ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट इन माइनॉरिटी इन्स्टीट्यूशन के तहत **24 अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थाओं** में शिक्षण कक्ष, छात्रावास एवं शौचालयों का निर्माण।
- ❖ मदरसों में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत ई-लर्निंग ऐप विकसित।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण

- ❖ पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए जनपद आम्बेडकरनगर व आजमगढ़ में छात्रावास का निर्माण। जनपद गोरखपुर में छात्रावास निर्माण कार्य प्रगति पर। 07 नये छात्रावासों के निर्माण हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव।
- ❖ शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत **192 लाभार्थियों** को कुल **रू 38.40 लाख** का अनुदान।

# सुन्दर वन : सुशोभित उद्यान

- ❖ **35 करोड़ पौधरोपण** का लक्ष्य।
- ❖ **पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना** में पंजीकृत समस्त **2. 59 करोड़ किसानों** में से प्रत्येक द्वारा 1–10 पौध रोपण की तैयारी।
- ❖ प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय में **अमृत वन** की स्थापना।
- ❖ संतकबीर नगर स्थित **बखीरा वन्य जीव विहार** 10वीं रामसर साइट घोषित।
- ❖ प्रदेश में वनावरण तथा वृक्षारोपण में वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2021 में 91 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि।
- ❖ औद्यानिक एवं खाद्य उत्पादों में पेस्टीसाइड एवं अन्य रसायनों के परीक्षण हेतु क्षेत्रीय खाद्य अनुसन्धान एवं विश्लेषण केन्द्र लखनऊ में **लिक्विड क्रोमोटेग्राफी मास स्पेक्ट्रोस्कोपी** मशीनों की स्थापना।
- ❖ खाद्य प्रसंस्करण के विभिन्न सेक्टर में **2272 उद्यमियों** को प्रशिक्षण।

- कुशीनगर व हापुड़ में **सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो** के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास।
- फतेहपुर एवं रामपुर में मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस का कार्य पूर्ण।
- मशरूम उत्पादन, गार्डनर ट्रेनिंग, फल सब्जी उत्पादन हेतु **2031 कृषकों** को प्रशिक्षण।
- बागवानी क्षेत्र विस्तार हेतु 4000 किसान पंजीकृत।
- 1000 से अधिक प्रजातियों के साथ राज्यस्तरीय आम महोत्सव।



मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान, गोरखपुर में निरीक्षण करते हुए

# जग मग प्रदेश



- **2x660 मे.वा.** की तापीय परियोजना सोनभद्र के ओबरा सी एवं एटा में स्थापित। जवाहरपुर तापीय परियोजना की प्रथम इकाई के बॉयलर का संचालन।
- **400 के0वी0 रसड़ा उपकेन्द्र,** बलिया तथा **400 के0वी0 भौखरी उपकेन्द्र,** बस्ती का परिचालन।
- **733 सर्किट किलोमीटर** लम्बी ट्रांसमिशन विद्युत लाईनों के निर्माण से **2.40 लाख उपभोक्ता** लाभान्वित।

- विद्युत उपकेन्द्र अयोध्या, विद्युत उपकेन्द्र बबीना, झांसी एवं विद्युत उपकेन्द्र मलवां, फतेहपुर में **220 के.वी. उपकेन्द्र** का परिचालन।
- **132 के0वी0** के बिलोचपुरा उपकेन्द्र, बागपत तथा छानबे उपकेन्द्र, मिर्जापुर का परिचालन।
- **4.65 लाख** विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में मीटर लगाये गये।
- **33/11 के0वी0** उपकेन्द्र नगवां, वाराणसी एवं कैलहा, चित्रकूट का परिचालन।

## अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत

- जनपद जालौन में सौर ऊर्जा नीति-2017 के अन्तर्गत निजी पूंजी निवेश से **97 मेगावाट परियोजनाओं** की स्थापना।
- सार्वजनिक पथ प्रकाश की व्यवस्था हेतु **5000 सोलर स्ट्रीट** लाइट संयत्रों की स्थापना।



# संवरते गांव : सुधरता जीवन

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत **5000 किमी. सड़क** मार्गों का निर्माण।
- **2800 मार्गों** का समयबद्ध रिन्यूअल कार्य पूर्ण।
- **6000 तालाबों** (अमृत सरोवरों) का निर्माण।
- **64** विलुप्तप्राय नदियों का पुनरूद्धार।
- **3251** खेल मैदानों का निर्माण।
- मनरेगा में **2 लाख** लाभार्थियों का चयन पूर्ण। इसके अन्तर्गत **15169 महिला मेट** की तैनाती।
- मनरेगा में **9 करोड़** मानव दिवस सृजित।
- **44,751** स्वयं सहायता समूह गठित।
- **82,520 स्वयं सहायता समूहों** को **रिवाल्विंग फण्ड एवं कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट सपोर्ट फण्ड** के रूप में **रु. 400 करोड़** की धनराशि का वितरण।

- **436** प्रोड्यूसर समूह तथा 7 प्रोड्यूसर्स इंटरप्राइजेज एफ.पी.ओ. (फार्मर्स प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन) का गठन।
- **58,000 बी.सी. सखी** चयनित, **46,000 बी.सी सखी** प्रशिक्षित, **38,616** को सपोर्ट फण्ड निर्गत, **32654** क्रियाशील। अब तक **रु. 3,869.74 करोड़** हस्तान्तरित।
- महिला सामर्थ्य योजना के अन्तर्गत **03 क्लस्टर्स** में योजना प्रारंभ।
- एफ.डी.आर. तकनीक से निर्माणाधीन मार्गों का कार्य प्रगति पर।



# भूख का भय दूर

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदेश के **15 करोड़** गरीबों को लगभग **रु 3200 करोड़** के व्यय भार पर **03 माह** तक **35 कि.ग्रा. खाद्यान्न**, 1 कि.ग्रा. दाल/साबुत चना, 1 कि.ग्रा. आयोडाइज्ड नमक, 1 कि.ग्रा. रिफाइन्ड ऑयल का **निःशुल्क** वितरण। उपरोक्त के साथ **अन्त्योदय राशन** कार्डधारकों के लिए प्रति माह 1 कि.ग्रा. चीनी का **निःशुल्क** वितरण।
- **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के सभी लाभार्थियों को होली व दीपावली पर **02 निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेंडर** देने के लिए **रु 3,302 करोड़** का बजट प्रावधान।
- बेघरों तथा कचरा उठाने वाले वंचित नागरिकों को राशन कार्ड की सुविधा।
- **डोर स्टेप डिलीवरी** की व्यवस्था।
- उचित दर की दुकानें **कॉमन सर्विस सेन्टर** के रूप में विकसित।



मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या भ्रमण के दौरान अशर्फी भवन रोड स्थित कटरा प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए।

# शिक्षित समाज : विकसित प्रदेश

## बेसिक शिक्षा

- **स्कूल चलो अभियान-2022** में **1.88 करोड़** छात्र-छात्राओं का नामांकन।
- **1,65,35,742** छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बना।

## माध्यमिक शिक्षा

- छात्र-छात्राओं की सहायता के लिए करियर काउन्सिल पोर्टल **'पंख'** विकसित।
- असेवित बस्तियों के चिह्नीकरण (स्कूल मैपिंग) हेतु पोर्टल **'पहुंच'** विकसित।
- विद्यार्थियों और जन सामान्य को सहजतापूर्वक सम-सामयिक एवं संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने के लिए ई-लाइब्रेरी पोर्टल **'प्रज्ञान'** और **मोबाइल एप** विकसित।
- विद्यालय ऑनलाइन अनुश्रवण-श्रेणीकरण हेतु पोर्टल **'परख'** विकसित।
- राजकीय विद्यार्थियों को वोकेशनल ट्रेनिंग और जॉब रेडी स्किल्स के लिए कौशल विकास मिशन के साथ **'प्रवीन योजना'** संचालन हेतु एम.ओ.यू.।









- विद्यालयों के परिचयात्मक वेबपेज निर्माण/प्रदर्शन का पोर्टल **'पहचान'** प्रारम्भ।
- सभी **2273 राजकीय** विद्यालयों में **बायोमीट्रिक अटेन्डेंस डिवाइस** स्थापित।
- असेवित क्षेत्रों में **84 नवीन राजकीय इण्टर कालेज** शुरू।
- सेवित क्षेत्रों में गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए **39 नवीन हाईस्कूल** और **14 नवीन इण्टर कालेज** का निर्माण।
- वंचित समूह की लगभग **6500 छात्राओं** को प्रतिवर्ष निःशुल्क आवासीय शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए **65 बालिका छात्रावासों** का संचालन।
- सभी **2273 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों** में **वाई-फाई** की सुविधा प्रारम्भ।
- **'राज्य अध्यापक पुरस्कार'** व **'मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार'** हेतु **नवीन मानक** विकसित।
- **'डिजिटल लिट्रेसी'** के लिए **1,00,22,344 विद्यार्थियों** की ई-मेल आई.डी. सृजित।
- **'प्रोजेक्ट अलंकार'** के अन्तर्गत **समस्त राजकीय व अशासकीय सहायता** प्राप्त विद्यालयों की **संसाधन मैपिंग** का कार्य पूर्ण।

- शिक्षकों एवं अधिकारियों के **रिक्त पद अधियाचित**, **प्रोन्नति** पूर्ण।
- **शिक्षा की पहुँच के विस्तार** हेतु **नवीन स्कूल निर्माण** की कार्य योजना विकसित।

## उच्च शिक्षा

- **119** राजकीय महाविद्यालयों में ई–लर्निंग पार्क विकसित।
- राजकीय महाविद्यालय पाही (चित्रकूट), जखौरा (ललितपुर), पुरवा (उन्नाव) तथा जेवर (गौतमबुद्धनगर) के भवन का निर्माण।
- अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के **1200** चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति ।
- **03** राजकीय विश्वविद्यालयों, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर तथा डॉ0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में इन्क्यूबेटर्स की स्थापना।
- **87** राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित किये जाने हेतु **रु 10 करोड़** प्राविधानित।
- उच्च शिक्षा निदेशालय परिसर में ई–कंटेंट स्टूडियो स्थापित किये जाने हेतु **रु 100 लाख** प्राविधानित।

- **36** राजकीय महाविद्यालयों के प्रयोगशाला उच्चीकरण हेतु **रु 1,051 लाख** प्राविधानित।
- **111** राजकीय महाविद्यालय में वैज्ञानिक एवं तकनीकी पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु रु 203.00 लाख प्राविधानित।
- **172** राजकीय महाविद्यालयों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के उच्चीकरण हेतु योजना स्वीकृत।



## प्राविधिक शिक्षा

- 2 राजकीय पॉलीटेक्निक एवं 15 पुरूष व महिला छात्रावासों का निर्माण।
- ट्रेनिंग काउंसिलिंग प्लेसमेन्ट ऑफिसर के साथ प्लेसमेन्ट सेल की स्थापना तथा यू. राइज पोर्टल के माध्यम से प्लेसमेंट प्रारम्भ।
- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय वास्तुकला एवं योजना संकाय में नये कोर्स पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जियो इन्फॉरमेटिक्स को मंजूरी।
- विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा प्रदेश के **15 नये स्टार्टअप आइडिया** चयनित।
- ए.के.टी.यू. व उससे सम्बद्ध विद्यालयों के **2207** छात्रों का टीसीएस में चयन।
- ए.के.टी.यू. के इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए **रु. 200 करोड़** से पं. दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना लागू।
- उत्तर प्रदेश स्टार्ट–अप नीति के तहत प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं ए.के.टी.यू. के संस्थानों में 15 इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना।
- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर को **NAAC** मूल्यांकन में **ए ग्रेड** मिला।

# नगरीय सुविधाओं में वृद्धि

- समावेशी शहरी विकास योजना के अन्तर्गत **1.01 लाख** से अधिक आवास पूर्ण।
- **84,148 स्ट्रीट वेण्डर्स** को ऋण, **3225** स्वयं सहायता समूहों का गठन एवं 5 नये आश्रय गृहों का निर्माण।
- वाटर सप्लाई एवं सीवरेज कार्य की **51 परियोजनाएं** पूर्ण।
- **मिशन पिंक टॉयलेट** के अन्तर्गत **2 लाख 80 हजार सीट इंस्टालेशन** का कार्य प्रारम्भ।
- **12,022 वार्डों में 100 प्रतिशत** डोर–टू–डोर कूड़े का कलेक्शन।
- **50 नयी स्मार्ट सिटी** परियोजनाएं प्रारम्भ एवं 75 स्मार्ट सिटी परियोजनाएं पूर्ण।
- **10 नये आश्रय गृह** स्वीकृत, **05** का कार्य पूर्ण ।
- नागरिक सुविधाओं हेतु 14 नगरों में ई–बसों की फ्लीट में वृद्धि।
- **65 अन्त्येष्टि** स्थल पूर्ण।
- **17 कान्हा गौशालाएं** पूर्ण।
- **35 अमृत पार्क** पूर्ण ।

# सबको घर

- 19 मार्च, 2017 से अब तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में **44 लाख प्रधानमंत्री आवासों** का निर्माण।
- **पिछले 100 दिन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)** के अन्तर्गत **1.08 लाख आवासों** का निर्माण।
- **मुख्यमंत्री आवास योजना** के अन्तर्गत **8,200 आवासों** का निर्माण । **1,944 लाभार्थी** पंजीकृत।



मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद गोरखपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को आवास की चाभी प्रदान करते हुए।

# सरल राजस्व प्रक्रिया

- प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत **11 लाख और ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी)** का वितरण।
- प्रदेश में अब तक **34 लाख** परिवारों को **घरौनी** वितरित।
- आवासहीन परिवारों को आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने की जनपद स्तर पर कार्यवाही।
- **रेवेन्यू कोर्ट केस मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल** पर वाद दायर करने की ऑनलाइल व्यवस्था।
- **300 ग्रामों** में कब्ज़ा परिवर्तन।

**जी.एस.टी.**

- **76,066** नये जी.एस.टी. पंजीयन कराये गये।
- **1,351** निर्यातक व्यापारियों को जी.एस.टी. के अर्न्तगत **रू0 485 करोड़** का रिफण्ड।
- टैक्स फ्री सिनेमा योजना के अर्न्तगत एस.जी.एस.टी. धनराशि की प्रतिपूर्ति हेतु सरकार द्वारा **रू 26 करोड़** का बजट प्रावधान।
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के अर्न्तगत 30 व्यापारी परिवारों को **रू 10 लाख** की बीमा राशि प्रदान की गयी।
- राजस्व वृद्धि हेतु जी.एस.टी. के अन्तर्गत आई. टी. टूल्स का उपयोग करके **रू 214 करोड़** के राजस्व की प्राप्ति।

# सांस्कृतिक पर्यटन के नये द्वार

- **172 पर्यटन** विकास परियोजनाएं पूर्ण।
- **ईको एण्ड रूरल टूरिज्म बोर्ड** का गठन।
- बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर वाराणसी, कुशीनगर, श्रावस्ती एवं संकिसा में बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव का आयोजन।
- वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले कुम्भ के भव्य आयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में **रु 100 करोड़** की व्यवस्था।
- जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गठित।
- संत कबीर दास के प्राकट्य दिवस पर वाराणसी एवं मगहर में कबीर फेस्टिवल का आयोजन।
- राष्ट्रीय ट्रैवल मार्ट साटे-2022 एवं अन्तर्राष्ट्रीय ट्रैवल मार्ट, अरेबियन ट्रैवल मार्ट, दुबई-2022 में प्रतिभाग।
- अयोध्या में प्रतिदिन रामलीला का मंचन।
- ग्लोबल इनसाइक्लोपीडिया ऑफ रामायण के अन्तर्गत **10 ग्रन्थों** का प्रकाशन।
- मगहर में नवनिर्मित संत कबीर अकादमी के विभिन्न भवनों का लोकार्पण।

- अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस 11 जून, 2022 पर उनके पैतृक जनपद शाहजहांपुर से गोरखपुर तक **अमृत यात्रा** का आयोजन।
- महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर झांसी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- पाण्डुलिपि रिसोर्स सेंटर की स्थापना हेतु इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार के मध्य एम.ओ.यू.।
- एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत महाराष्ट्र एवं गुजरात से सांस्कृतिक आदान-प्रदान।
- बौद्ध धर्म से संबंधित पुस्तक 'श्री गौतम बुद्ध चरित्र ग्रंथ' का प्रकाशन।
- उत्तर प्रदेश के **जैन तीर्थंकरों** पर पुस्तिकाओं का प्रकाशन।





मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद झांसी में गौ आश्रय स्थल में गाय को चारा खिलाते हुए।

# पशुधन संरक्षण

- **निराश्रित गौवंश संरक्षण** के अन्तर्गत पिछले 100 दिनों में **50,003 गौवंश संरक्षित।**
- **20** नये गौ संरक्षण केन्द्रों का निर्माण।
- **569** अस्थाई गौ सेवा बाड़ा स्थापित।
- **20,15,443 प्रजनन** योग्य पशुओं में उन्नत विधि से कृत्रिम गर्भाधान।
- विभिन्न बीमारियों से पशुओं के बचाव हेतु **1,31,27,645 डोज टीकाकरण** ।

## दुग्ध विकास

- ❖ दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण हेतु **125 समितियों** का गठन तथा **150 समितियों** का पुनर्गठन।
- ❖ विपणन कार्य हेतु ई-कॉमर्स पोर्टल से **14310** उपभोक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं पराग मित्रों को जोड़ा गया।

## मत्स्य

- ❖ मछुआरा समुदाय की आजीविका हेतु प्रदेश में **रिवर रैंचिंग** कार्यक्रम के अन्तर्गत **5.00 लाख मत्स्य** अंगुलिकाओं का संचय।
- ❖ मत्स्य पालकों को **2461.51 लाख** गुणवत्तापरक मत्स्य बीज वितरित।
- ❖ ग्राम सभा के तालाबों के मत्स्य पट्टाधारकों हेतु नयी **'मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना'** शुरू।
- ❖ मछुआ समुदाय व मत्स्य पालकों के उत्थान हेतु नयी **'निषाद राज बोट सब्सिडी योजना'** शुरू।



# खेल से रोजगार तक

❖ अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित पदों पर नियुक्ति हेतु नियमावली प्रख्यापित।

❖ **मेजर ध्यानचंद खेल विद्यालय, मेरठ** हेतु कुलपति, कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी के पद स्वीकृत।

❖ अन्तर्राष्ट्रीय चेस फेडरेशन द्वारा 44वीं शतरंज ओलम्पियाड प्रतियोगिता भारत में आयोजित करने के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित टॉर्च रिले का मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वागत।



- ❖ मेरठ में सिंथेटिक हॉकी फील्ड, सहारनपुर एवं वाराणसी में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक तथा गोरखपुर में जंगल कोडिया विकास खण्ड में स्टेडियम का निर्माण।
- ❖ स्पोर्ट्स कालेजों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण।

## युवा कल्याण


- ❖ **1000 मंगल** दलों का गठन।
- ❖ **132 खेल मैदान** एवं **100 जिम** की स्थापना।
- ❖ लखनऊ (मऊ-मोहनलालगंज), बस्ती (बरगदहिया-सूदीपुर), बाराबंकी (धरौली), सोनभद्र (नगांव) एवं पीलीभीत (सिमरिया तहसील महराजपुर) में खेलो इण्डिया की 5 परियोजनाएं पूर्ण।
- ❖ आगरा (चाहरवाटी) में 01 व हमीरपुर (राठ और टिकरौली) में 02 ग्रामीण मिनी स्टेडियम का निर्माण।
- ❖ **20,000 पी.आर.डी.** जवानों की प्रत्येक माह ड्यूटी।
- ❖ राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात द्वारा पी.आर.डी. जवानों को प्रशिक्षण।
- ❖ मुख्यमंत्री एडवेंचर एवार्ड एवं विवेकानन्द पथ योजना की स्थापना अंतिम चरण में।

# राजकीय सेवा के अवसर

- ❖ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर **3532 अभ्यर्थियों** का चयन।
- ❖ माध्यमिक शिक्षा विभाग में प्रवक्ता के **1473 पदों** पर चयन।
- ❖ प्राविधिक शिक्षा विभाग में कर्मशाला अनुदेशकों के **1314 पदों** पर चयन।
- ❖ कृषि सेवा के अन्तर्गत **461 पदों** पर चयन।
- ❖ श्रम विभाग में चिकित्साधिकारी (एलोपैथ) के **256 पदों** पर चयन।
- ❖ नियोजन विभाग में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के **29 पदों** पर चयन।
- ❖ **855 पदों** पर कार्मिकों की प्रोन्नति।
- ❖ विभिन्न संवर्गों के कुल **3404 पदों** की 08 परीक्षाएं आयोजित।
- ❖ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत **940 पदों** पर चयन परिणाम घोषित तथा **9212 पदों** पर चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में।




निवेश का सबसे अच्छा परिवेश, बढ़ चला उत्तर प्रदेश


दिव्य काशी-भव्य काशी
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश